प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 02.11.2024

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में कानपुर देहात पुलिस को मिली एक और सफलता...**
- **थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा दिनांक 27.10.2024 को व्यापारी के साथ हुई लूट का थाना पुलिस द्वारा सफल अनावरण करते हुये एक अदद अभियुक्त को लूटे गये रुपयों व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व एक अदद मोबाइल के किया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में वादी श्री रामचंद्र दीक्षित पुत्र स्व. श्याम सुन्दर दीक्षित निवासी मालवीय नगर थाना सिकन्दरा कानपुर देहात द्वारा दिनांक 27.10.2024 अपने साथी भगवानदीन दोहरे के साथ जाते समय गोपालपुर बम्बी के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पैसों से भरा झोला लूट लेने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना सिकन्दरा पर मु0अ0सं0 216/2024 धारा 309(4) बीएनएस बनाम 03 अज्ञात व्यक्तियों पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा आज दिनांक 02.11.2024 को समय 13.54 बजे हरिवंशपुर मोड़ से मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त नितिन कुमार पुत्र राम कुमार निवासी ग्राम गोपालपुर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात को लूटे गये रुपयों व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व एक अदद मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया गया है।

पूछताछ विवरण- अभियुक्त ने पूछताछ में अपने द्वारा किये गये अपराध की गलती मानते हुए बताया कि साहब मेरे पास जो रुपये बरामद हुये हैं यह रुपया लूट का है जो मैंने और मेरे साथी 1. रजनीश कटियार पुत्र श्री राजनारयण कटियार निवासी ग्राम गोपालपुर थाना सिकन्दरा कानपुर देहात 2. शिवम यादव पुत्र निरपत सिंह निवासी ग्राम गुरदही खुर्द थाना सिकन्दरा कानपुर देहात 3. मंगल बाथम पुत्र सुनील बाथम निवासी ग्राम गोपालपुर थाना सिकन्दरा कानपुर देहात ने दिनांक 27/10/2024 को हरिहरपुर रोड़ गोपालपुर बम्बी के पास से हमलोगों ने एक लूट मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों से की थी। उस लूट में मेरे हिस्से में 72000 रुपये आया था जिसमें से 700 रूपये मैंने घरेलू कार्यों में खर्च कर लिया है व शेष 71300 रुपये मेरे पास मौजूद हैं और बचा पैसा तीनों लोगों ने बराबर बांट लिया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. नितिन कुमार पुत्र राम कुमार कटियार उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम गोपालपुर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।

<u>आपराधिक इतिहास -</u>

1. मु0अ0सं0 216/2024 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।

<u>बरामदगी का विवरण</u> –

1. लूटे गये 71300 रुपये एक अदद पारदर्शी डिब्बे में।
2. एक अदद सैमसंग एण्ड्राइड मोबाइल।
3. एक अदद मोटर साइकिल काले रंग की।

<u>गिरफ्तार करने वाली थाना सिकन्दरा पुलिस टीम-</u>

1. प्र0नि0 सिकन्दरा महेश कुमार
2. उप निरीक्षक चरण सिंह
3. उप निरीक्षक अनिल कुमार
4. का0 571 मनीष कुमार
5. कां0 835 राजवीर सिंह
6. कां0 376 यशपाल चौधरी
7. कां0 1124 अनिल कुमार
8. कां0 1197 रणजीत सिंह
9. कां0 996 आशुतोष मौर्या